प्रेस नोट संख्या- 54

दिनांक 20.03.2024

सराहनीय कार्य जनपद अमेठी

थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा 01 अदद देशी तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ कुल 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 20.03.2024 को उ0नि0 सुरेश कुमार दीक्षित थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल सवार कुल 02 नफर अभियुक्त 1.अकरम पुत्र कल्लन नि0 कस्बा व थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष व 2.अभिषेक मुसलमान पुत्र राजू बेहना नि0 आशापुर रूरू थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष को शंकरगंज रोड नहर पुल के पास से समय करीब 12.40 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अकरम के कब्जे से 01 अदद तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। उक्त मोटरसाइकिल के संबन्ध में पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम दोनों ने दिनांक 23.11.2023 को ग्राम ब्रम्हनी थानाक्षेत्र फुरसतगंज से एक तिलक समारोह से चोरी कर उक्त मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट हटा दी थी। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-

1. अकरम पुत्र कल्लन नि0 कस्बा व थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष।
2. अभिषेक मुसलमान पुत्र राजू बेहना नि0 आशापुर रूरू थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष।

बरामदगीः-

- 01 अदद देशी तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर।
- 01अदद बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल हीरो स्पेलेण्डर प्लस (मु0अ0स0 17/24 धारा 379 भादवि थाना फुरसतगंज से संबन्धित)।

कार्यवाहीः-

- मु0अ0सं0 67/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
- मु0अ0स0 17/24 धारा 379,411,468,419,420,471 भादवि थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी।

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. उ0नि0 सुरेश कुमार दीक्षित थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. का0 रोहित सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी ।
3. का0 फहीम अली थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
4. का0 अर्जुन कुमार थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
5. का0 उजैर खान थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।